हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 एमएम कॉलेज में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कल...



12 सावन स्पेशल : कल से खुलेगा शिवभक्ति का सबसे पावन द्वार



## खबर संक्षेप

### दो चूरापोस्त तस्करों को दो-दो साल की कैद

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट, फतेहाबाद हेमंत यादव की अदालत ने चूरापोस्त तस्करी के एक मामले में सुनवाई करते हुए दो युवकों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी लालचंद उर्फ काला और रवि उर्फ गौरू को दो-दो साल के कठोर कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोनों दोषियों को दो महीने की अतिरिक्त कठोर कैद भुगतनी होगी।

### अवैध पिस्तौल बरामदगी में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने अवैध पिस्तौल बरामदगी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान जयवीर पुत्र धर्मपाल उर्फ पाला निवासी गांव धारसूल खुर्द के रूप में हुई है। थाना सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अजय ने बताया कि थाना सदर टोहाना में पुलिस ने 7 दिसम्बर 2025 के आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था और मामले की गहन जांच कर रही थी। इस मामले में सीआईए ने पहले मनजीत सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गुरुनानक बस्ती, रतिया को अवैध 32 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था।

### फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि कल

**फतेहाबाद।** कृषि व किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि खरीफ 2026 सीजन के लिए फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान निर्धारित तिथि तक अपने नजदीकी बैंक अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फसल बीमा करवा सकते हैं। ऋणी किसान यदि योजना से बाहर रहना चाहते हैं तो उन्हें अंतिम तिथि से पहले संबंधित बैंक में लिखित आवेदन देना होगा। आवेदन नहीं देने की स्थिति में बैंकों द्वारा उनका बीमा किया जाना अनिवार्य होगा।

# डिस्पोजल टैंक विवाद : कंकाल मिलने से रुका निर्माण, डीसी दरबार पहुंचे क्षेत्रवासी

## 15 हजार आबादी की जलनिकासी अटकी, लोगों ने खुद निर्माण कराने की दी चेतावनी



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने पहुंचे स्वामी नगर के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के स्वामी नगर में जलनिकासी के लिए बनाए जा रहे डिस्पोजल टैंक को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। पहले कब्रिस्तान की जमीन होने का दावा कर निर्माण रुकवाया गया, फिर दोबारा काम शुरू होने पर खुदाई के दौरान कथित रूप से मानव कंकाल मिलने से मामला और संवेदनशील हो गया। अब यह विवाद जिला प्रशासन तक पहुंच गया है। मंगलवार को पार्षद ज्ञान सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग उपायुक्त डॉ. विवेक भारती से मिले और जल्द निर्माण शुरू करवाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि प्रशासन समाधान नहीं करता तो क्षेत्रवासी स्वयं अपने स्तर पर डिस्पोजल टैंक का निर्माण कराएंगे। दूसरी ओर, उपायुक्त ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है। नगर परिषद की मंजूरी के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने स्वामी नगर में डिस्पोजल टैंक का निर्माण कार्य शुरू कराया था। निर्माण शुरू होते ही ईसाई समुदाय के लोगों ने दावा किया कि जिस स्थान पर खुदाई की जा रही है, वहां उनके पूर्वजों की कब्रें हैं। विरोध के चलते प्रशासन ने काम रुकवा दिया। बाद में पूर्व सरपंच मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि कब्रिस्तान की जमीन अलग है और प्रस्तावित डिस्पोजल टैंक दूसरी जगह बनाया जा रहा है। इसके बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू हुआ, लेकिन खुदाई के दौरान कथित रूप से मानव कंकाल मिलने के बाद विवाद फिर भड़क गया और काम एक बार फिर बंद करना पड़ा। कंकाल मिलने की सूचना के बाद सोमवार को ईसाई समुदाय के लोग मौके पर पहुंचे और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कंकाल का पुनः अंतिम संस्कार कराने की मांग की।

### उपायुक्त से समाधान की मांग

मंगलवार को पार्षद ज्ञान सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्वामी नगर और आसपास के लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी डॉ. विवेक भारती को बताया कि वर्षों से क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई है। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं तथा लोगों के घरों के सामने गंदा पानी जमा रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाए, अन्यथा जनता स्वयं डिस्पोजल टैंक का निर्माण कराने को मजबूर होगी।

### पार्षद बोले : कब्रिस्तान अलग, टैंक की जगह अलग

*पार्षद ज्ञान सिंह ने कहा कि डिस्पोजल टैंक क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकता है। उनके अनुसार कब्रिस्तान चारदीवारी के अंदर स्थित है, जबकि डिस्पोजल टैंक का निर्माण बाहरी हिस्से में किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग बेवजह मामले को तूल देकर विकास कार्य में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि टैंक नहीं बना तो हजारों लोगों को गंदे पानी की समस्या से लगातार जूझना पड़ेगा।*



**फतेहाबाद।** स्वामी नगर में दो दिन पहले डिस्पोजल टैंक के निर्माण का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### तथ्य एक नजर में

- *स्वामी नगर में जलनिकासी के लिए प्रस्तावित है डिस्पोजल टैंक।*
- *कब्रिस्तान की जमीन होने के दावे पर दो बार रुका निर्माण।*
- *खुदाई के दौरान कथित मानव कंकाल मिलने से विवाद और बढ़ा।*
- *15 हजार से अधिक आबादी जलनिकासी समस्या से प्रभावित।*
- *लोगों ने प्रशासन को जल्द समाधान नहीं होने पर स्वयं निर्माण कराने की चेतावनी दी।*
- *डीसी ने डीएमसी, डीएसपी, ईओ और एक्सईएन की कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए।*

### 15 हजार आबादी की परेशानी का बना कारण

*पूर्व सरपंच मनोहर लाल ने बताया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर लगभग छह कनाल भूमि ईसाई समाज को कब्रिस्तान के लिए आवंटित की थी। वर्तमान में स्वामी नगर और हरनाम सिंह कॉलोनी की आबादी बढ़कर करीब 15 हजार हो चुकी है। आबादी बढ़ने के साथ जलनिकासी की समस्या भी विकराल हो गई, जिसके समाधान के लिए नगर परिषद ने डिस्पोजल टैंक का प्रस्ताव स्वीकृत किया था।*

# तोड़फोड़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग

## 11 परिवारों के मुखिया नपा कार्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के सती मंदिर के पास स्थित बस्ती के लगभग 11 परिवारों के मुखिया नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने दो साल पहले अपने घरों में हुई कथित तोड़फोड़ के नुकसान के मुआवजे की मांग की। हालांकि, कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद न मिलने पर बस्तीवासियों ने भारी रोष जताया और प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। बस्तीवासियों के प्रतिनिधि राम भगत ने बताया कि उनके परिवार अग्रवाल धर्मशाला के पास लगभग 3 कनाल 8 मरला भूमि पर करीब 80 वर्षों से काबिज हैं। उनके पूर्वज इसी स्थान पर रहकर शहर में चौकीदारी का कार्य करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त 2022 में नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उनके घरों में तोड़फोड़ की थी और घरेलू सामान हटा दिया था।

### न्याय की गुहार

राम भगत के अनुसार, इस घटना के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों के समर्थन से धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया था। उस समय अधिकारियों ने नुकसान की भरपाई करने और जमीन की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था। हालांकि, दो साल बीत जाने के बावजूद न तो उन्हें कोई मुआवजा मिला और न ही जमीन के मामले में कोई ठोस कार्रवाई की गई। बस्तीवासियों ने बताया कि इस संबंध में कुछ समय पहले मुख्यमंत्री जनसंवाद पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अधिकारियों ने सोमवार को उन्हें बातचीत के लिए बुलाया था। लेकिन सुबह से कार्यालय में इंतजार करने के बावजूद उन्हें कोई अधिकारी नहीं मिला। बस्तीवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने भी उनकी बात नहीं सुनी।

# दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**चोपटा।** खंड के गांव नहराणा के पास चौपटा-भट्टू रोड पर सोमवार देर रात दो मोटरसाईकिलों की जोरदार भिडंत हो गई जिसमें गांव बरासरी के एक युवक की मौत हो गई और पिलीमंदोरी निवासी युवक घायल हो गया। शव का मंगलवार को सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव बरासरी निवासी संजय भट्टू से अपने गांव बरासरी मोटरसाइकिल से आ रहा था। इसी दौरान पिलीमंदोरी निवासी विनोद कुमार पंजाब हेड़ से बाइक पर अपने गांव पिलीमंदोरी लौट रहा था। गांव नहराणा के चौपटा भट्टू रोड पर सोमवार रात को दोनों बाइकों की भिडंत हो गई। संजय की गंभीर हालत देखते हुए उसे सिरसा नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। विनोद कुमार को नाथूसरी चौपटा के सामुहिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। मृतक संजय के भाई पवन कुमार ने बताया कि संजय भट्टू कंला में दुकान चलाता था।

# भैंस खरीदने जा रहे व्यापारी से 1.90 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭जाखल

फतेहाबाद जाखल क्षेत्र में भाखड़ा नहर की पटरी पर कुदनी हेड के पास दिनदहाड़े तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक व्यापारी से 1.90 लाख रुपये, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल की चाबी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर, टोहाना निवासी किशोरी लाल भैंसों की खरीद-फरोख्त का कारोबार करता है। वह सोमवार दोपहर अपनी मोटरसाइकिल पर करीब 1.90 लाख रुपये लेकर जाखल क्षेत्र में भैंस खरीदने जा रहा था। जैसे ही वह कुदनी हेड के नजदीक भाखड़ा नहर की पटरी पर पहुंचा, पीछे से मोटरसाइकिल पर आए तीन नकाबपोश युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। बदमाशों ने किशोरी लाल से नकदी से भरा बैग, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली।





# नौकरी का झांसा देकर 57 लाख की ठगी का पर्दाफाश, आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

*अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही*

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार में लिपिक की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 57 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लक्ष्मण दास निवासी जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि गांव खाजाखेड़ा रंगड़ी रोड निवासी अनिल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी प्रीत नगर बेगू रोड सिरसा निवासी नरेश यादव से पुरानी जान-पहचान थी। करीब डेढ़ से दो वर्ष पहले नरेश यादव ने उसे भरोसा दिलाया कि उसका साला विजेंद्र सिंह ऊंची पहुंच रखता है और यदि किसी योग्य व्यक्ति को सरकारी नौकरी चाहिए तो वह गुरु जंभेश्वर विश्वविद्याल, हिसार में क्लर्क के पद पर नौकरी लगवा सकता है।

# चूरापोस्त तस्करी मामले के दो भगौड़े 11 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

**वर्ष 2015 में 140 किलो चूरापोस्त किया था बरामद**

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने चूरापोस्त तस्करी मामले में वांछित दो आरोपियों राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी सहीराम व सुनील को 11 साल बाद ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार। पुलिस के अनुसार वर्ष 2015 में शहर थाना क्षेत्र में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के समीप बिना नंबर प्लेट लावारिस खड़ी एक पिकअप गाड़ी से 140 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया था। इस मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी सहीराम व सुनील कुमार के रूप में हुई थी।



गिरफ्तार आरोपी पुलिस हिरासत में।

## नागरिक अस्पताल में मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को दी जानकारी

# लिवर की सेहत के लिए जरूरी है समय पर जांच, हेपेटाइटिस पर किया जागरूक

- सिविल सर्जन डॉ. बुधराम ने समय पर जांच और उपचार को बताया जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. बुधराम की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हेपेटाइटिस बी एवं सी की निशुल्क स्क्रीनिंग के लिए विशेष शिविर लगाया गया। अस्पताल में आए मरीजों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य कर्मचारियों को हेपेटाइटिस से बचाव, समय पर जांच और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मियों का हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



**फतेहाबाद।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर आयोजित शिविर में नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### फ्री उपचार जारी

उप सिविल सर्जन डॉ. नीरज खटक ने बताया कि नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में वर्ष 2017 से हेपेटाइटिस-सी और वर्ष 2020 से हेपेटाइटिस-बी का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जून 2026 तक हेपेटाइटिस-सी के 9970 मरीज पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 7400 मरीजों का उपचार सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और 325 मरीज उपचाराधीन हैं। वहीं हेपेटाइटिस-बी के 637 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 83 मरीजों का उपचार पूरा हो चुका है तथा 65 मरीजों का इलाज जारी है।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इधयम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था।



आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।

# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्राक्ष की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान को मिलेगी रफ्तार

# एमएम कॉलेज में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कल, विजेता राज्य स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

### युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत 30 जुलाई को सुबह 9:30 बजे एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में जिला स्तरीय युवा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना, सामाजिक सरोकारों से जोड़ना और विकसित भारत के



फतेहाबाद। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए युवा अधिकारी रीना केसरीया।

निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक/स्किट, चित्रकला, वाद-विवाद एवं भाषण, शॉर्ट फिल्म/रील, स्लोगन लेखन और स्लैम पोएट्री जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। सभी प्रतियोगिताओं का विषय 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' रहेगा। समूह प्रतियोगिताओं में 5 से 10 सदस्य भाग ले सकेंगे, जबकि शॉर्ट फिल्म/रील और स्लोगन लेखन की प्रविष्टियां माय भारत पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी।

**स्पर्धा में लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, स्किट, चित्रकला, वाद-विवाद जैसी विधाएं शामिल**

**नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा**

रीना केसरिया ने बताया कि प्रतियोगिताओं के साथ-साथ नशा मुक्ति शपथ, नशा मुक्त सिग्नेचर वॉल, सोशल मीडिया जागरूकता अभियान तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, ताकि अधिकाधिक युवाओं और नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का भी मंच मिलेगा। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी इस जनजागरूकता अभियान से जोडने का आह्वान किया।

## नशा व्यक्ति के परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को भी कमजोर करता : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह एवं उप प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार अग्रवाल ने की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को भी कमजोर करता है। डॉ. वर्मा ने काव्य और गायन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।



फतेहाबाद। जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते जेएनवी के विद्यार्थी।

## प्रकृति संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्यः डॉ. कुलदीप कौर

■ माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय ओढ़ा में गुणवत्ता आश्वासन कमेटी व सांस्कृतिक कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रकृति संरक्षण संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता हरकी देवी शिक्षण संस्थान की प्रबंध निदेशिका डॉ. कुलदीप कौर ने कहा कि प्रकृति संरक्षण सबसे बड़ा संकल्प व धर्म है, प्रत्येक शिक्षक व नागरिक को ये संकल्प लेना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम एक बेहतर भविष्य सौंप सकें। सहायक निदेशक शशिकांत शर्मा ने कहा समस्त संसार का भविष्य प्रकृति संरक्षण पर निर्भर करता है।



सिरसा। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर हस्ताक्षर करती हुई छात्राएं।

**संरक्षण की पहल**

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि महाविद्यालय में पहल-शिक्षा से सभ्यता की ओर एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों के प्रति जागरूक किया जाता है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर भावी शिक्षिकाओं को संकल्प दिलवाना भी इसी कार्यक्रम के तहत किया गया है।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सिरसा।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा वीबी जी-राम जी योजना के तहत गांव भंगू में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान सहायक खंड परियोजना अधिकारी, ग्राम सचिव, कनिष्ठ अभियंता, सरपंच, पंच तथा योजना से जुड़े श्रमिकों ने सामुहिक रूप से पौधारोपण किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बडागुढ़ा भजनलाल ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने के लिए भी जागरूक किया, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

## गोशाला नुहियांवाली के प्रधान बने राजेंद्र नेहरा

■ गांव नुहियांवाली में स्थित श्रीराम भगत हनुमान गोशाला परिसर में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव नुहियांवाली में स्थित श्रीराम भगत हनुमान गोशाला परिसर में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान व उपप्रधान का चुनाव किया गया। गोशाला के सचिव सुभाष विजारणियां ने बताया कि वर्तमान प्रधान प्रहलाद नेहरा और उपप्रधान कृष्ण कुकना ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बैठक में मौजूद सभी ग्रामीणों और गोशाला कमेटी सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेंद्र नेहरा को नया प्रधान और मांगेराम कुकना को उपप्रधान चुना। प्रधान चुने जाने पर राजेन्द्र नेहरा व उप प्रधान मांगेराम कुकना ने पूर्व प्रधान प्रहलाद नेहरा व उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। बाद में नवनियुक्त प्रधान राजेन्द्र नेहरा ने जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि वे गौशाला की सेवा तन, मन और धन से करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे पहले भी गौ माता की सेवा करते रहे हैं और आगे भी अपनी इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। वहीं नवनियुक्त उपप्रधान मांगेराम ने भी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

## हरियाणा छात्र यूनियन की बैठक, जंतर-मंतर पर मिली जीत पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा छात्र यूनियन की बैठक संगठन के वरिष्ठ नेता समरथ सिंह की अध्यक्षता में फतेहाबाद में आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के अधिकारों को लेकर चलाए गए आंदोलन की ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जताई गई और कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू बांटकर बधाई दी गई। बैठक में विशेष तौर पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने भाग लिया और युवाओं को संबोधित किया। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में हरियाणा छात्र यूनियन की नई कार्यकारी इकाइयों का गठन करने और व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आने वाले समय में जिला स्तर पर एक बड़ा छात्र सम्मेलन आयोजित करने की भी घोषणा की गई। बैठक में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।




फतेहाबाद। हरियाणा छात्र यूनियन की बैठक में भाग लेते सदस्य।

### गुरुद्वारा साहिब में वितरित किए पौधे

**रतिया।** पर्यावरण संरक्षण मुहिम के अंतर्गत व बरसाती मौसम को देखते हुए हरियाली को बढ़ावा देने के लिए गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब पुराना बाजार रतिया में प्रातः समय गुरुद्वारा साहिब आने वाली संगत को सेवादारों द्वारा फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर गुरूद्वारा साहिब के मैनेजर दलजीत सिंह पिपलथा, ग्रंथी किशन सिंह, जसवंत सिंह, अंग्रेज सिंह, रूपेश सिंह, मनविंद्र सिंह, राहुल सिंह, हरप्रीत सिंह सहित सेवादार मौजूद रहे। पर्यावरण प्रेमी हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि मनुष्य को दुनियावी धन के साथ साथ हरियाली भरे धन की काफी जरूरत है और जिस पूरा किया जाए उतना कम है। उन्होंने बताया कि गुरूद्वारा साहिब में प्रातः समय कार्यक्रम मौके बड़ी संख्या में संगत मौजूद होती है।

## नीट आंदोलन में शामिल युवाओं को किया सम्मानित

### ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की बैठक लाल बत्ती चौक स्थित डॉ. अम्बेडकर पार्क में आयोजित की गई। इस बैठक में नीट आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्थानीय युवाओं को सम्मानित किया गया और उनके जज्बे की सराहना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की, जबकि मंच का संचालन सचिव सुभाष चन्द्र चौहान द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में देश के युवाओं ने एकजुट होकर जो संघर्ष किया है, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल बन चुका है। युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि युवा वर्ग किसी न्यायपूर्ण मांग को लेकर दृढ़ संकल्प कर ले, तो सरकार को भी अपना फैसला वापस लेना पड़ता है या झुकना पड़ता है। इस आंदोलन ने देश की युवा शक्ति को एक मंच पर संगठित करने का ऐतिहासिक काम किया है। एसोसिएशन के सचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने भी युवा आंदोलन के समर्थन में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। ऐसे में युवाओं का शांतिपूर्ण और संगठित विरोध बेहद आवश्यक था।



फतेहाबाद। नीट आंदोलन में शामिल युवाओं को सम्मानित करते रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर संगठन के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से रणधीर सिंह डबास, बलराज सिंह हैड क्लर्क, शीशपाल कानूनगो, श्रवण कुमार, सुरेन्द्र बिश्नोई, गोपीराम, ओमप्रकाश बिश्नोई, कैलाश प्रसाद, जोत सिंह, हरीचंद कम्बोज, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, मदन गोपाल नारंग और निहाल सिंह मताना सहित कई रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए।

## छीना-झपटी का आरोपी चंद घंटों में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रानियां क्षेत्र में छात्रा के हाथ से बैग छीना-झपटी कर मौके से फरार हुए आरोपी को रानियां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी संतोख सिहं ने बताया कि बीते दिन रानियां निवासी हिमांशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रानियां कॉलेज में दाखिला करवाकर दोपहर करीब 2 बजे मेरी माता जी के साथ वापस घर जा रही थी। जब वह पैदल रानियां बाजार से होते हुए शनि मंदिर के नजदीक पंहुची तो पीछे बाइक सवार एक युवक आया और मेरे हाथ में लिए बैग को छीन कर मौका से फरार हो गया। बैग में मोबाइल फोन व जरूरी कागजात



एवं 400 रुपए थे। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर थाना रानियां में छीना-झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान रानियां थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते छीना-झपटी की वारदात में संलिप्त आरोपी हरजीत सिंह पुत्र श्रवण सिंह निवासी संतावाली को वारदात में प्रयुक्त बाइक सहित काबू कर लिया है।

## आधुनिक कृषि तकनीकों से रूबरू हुए किसान

### कपास की फसल में रोग एवं कीट नियंत्रण पर मिला वैज्ञानिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

डिंग की पुरानी अनाज मंडी में किसानों के लिए कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने तथा बेहतर गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को फसल सुरक्षा, उर्वरकों एवं कीटनाशकों के संतुलित और सही उपयोग के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। विशेष रूप से कपास (नरमा) की फसल में आने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने किसानों को गुलाबी सुंडी, सफेद मक्खी तथा तेला के प्रकोप की पहचान, समय पर रोकथाम और वैज्ञानिक उपचार के उपाय बताए। किसानों को समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने की सलाह देते हुए अनावश्यक कीटनाशकों के प्रयोग से बचने का संदेश दिया गया।



सिरसा। किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

**सिरसा।** कंगनपुर रोड स्थित सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 4.30 बजे देव स्नान से होगा। इसके पश्चात सुबह 6:30 बजे कन्या पूजन, 7 बजे भंडारे का शुभारंभ, 8 बजे ध्वजारोहण तथा इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए लंगर-भंडारे का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 9:15 बजे सत्संग एवं गुरु पूजन का आयोजन होगा। इस अवसर पर बाबा बालक नाथ जी के भजनों का गुणगान किया जाएगा तथा गुरु की महिमा एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रवचन भी होंगे।



### सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए चला रही अनेक योजनाएं : जरनैल सिंह

**रतिया।** ग्राम पंचायत नंगल और शहीद भगत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट नंगल के संयुक्त तत्वावधान में गांव नंगल में अंडर-18 जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के जरिए आगामी हरियाणा स्टेट यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए फतेहाबाद जिले की टीम के ट्रायल्स भी संपन्न हुए। कार्यक्रम में विधायक जरनैल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि सरपंच प्रतिनिधि बलदेव सिंह सहित कई गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विधायक जरनैल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग देना है।

## ग्रामीण विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तय समय में पूरे हों प्रोजेक्ट : बीडीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल ने ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न पंचायतों में चल रही योजनाओं, निर्माण कार्यों और लंबित परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। बीडीपीओ ऋषभ सिंगल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाना पंचायत विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों से विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



भूना। बैठक को संबोधित करते बीडीपीओ ऋषभ सिंगल।

**फतेहाबाद में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता संपन्न**

## विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्पोर्ट्स योगासन एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टोहाना, भट्टूकलां, बोदीवाली, गुरुकुल मताना, भिरड़ाना, सरवरपुर, धांगड़ और अन्य क्षेत्रों से आए योग खिलाडियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपने उत्कृष्ट योगासनों का प्रदर्शन किया। यह आयोजन जिला प्रधान सविता झाझड़ा के नेतृत्व और उप प्रधान रणदीप सिंवर, गिलाखेड़ा के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला सचिव दारा सिंह बोदीवाली, योग शिक्षक अनिल कुमार, जन्नत कुमार और आचार्य इंद्रजीत की अहम भूमिका रही। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में योग शिक्षक जन्नत, अनिल कुमार, आरएचटी सुभाष चंद्र, गुरुकुल मताना के आचार्यगण और विद्यार्थी विशेष रूप से मौजूद रहे। बालक वर्ग के 8-10 वर्ष आयु वर्ग में तुषार टोहाना प्रथम व हरिओम गुरुकुल मताना द्वितीय रहे।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**ये रहे परिणाम**

12-14 वर्ष आयु वर्ग में नवीन गुरुकुल मताना प्रथम, इशांत टोहाना द्वितीय व हर्ष गुरुकुल मताना तृतीय स्थान पर रहे। 14-16 वर्ष आयु वर्ग में शुभम टोहाना प्रथम, इशांत टोहाना द्वितीय व हरीश सरवरपुर तृतीय रहे। 16-18 वर्ष आयु वर्ग में रुद्र कुमार टोहाना प्रथम व नितिक धनगर द्वितीय स्थान पर रहे। 30-35 वर्ष आयु वर्ग में धर्मबीर गुरुकुल मताना प्रथम रहे। वहीं 35-45 वर्ष आयु वर्ग में जगतपाल भट्टूकलां प्रथम व सुनील कुमार गुरुकुल मताना द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग के 8-10 वर्ष आयु वर्ग में जानवी टोहाना प्रथम व माही टोहाना द्वितीय रहीं। 10-12 वर्ष आयु वर्ग में पारीना टोहाना प्रथम, मानवी टोहाना द्वितीय व दिव्या बोदीवाली तृतीय स्थान पर रहीं। 12-14 वर्ष आयु वर्ग में दीक्षा टोहाना प्रथम, अमरिंदरजोत कौर भिरड़ाना द्वितीय तथा सानवी एवं अन्वी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। 14-16 वर्ष आयु वर्ग में मानवी बोदीवाली प्रथम, गरिमा बोदीवाली द्वितीय व रितिका टोहाना तृतीय रहीं।

*जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, कांवड़ यात्रा और शिव महिमा के धार्मिक आयोजन होंगे आकर्षण का केंद्र*

# सावन स्पेशल : कल से खुलेगा शिवभक्ति का सबसे पावन द्वार

## जिले के सभी शिवालयों में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा, भोलेनाथ की आराधना से गूंजेंगे मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भगवान शिव का सबसे प्रिय और पवित्र माना जाने वाला सावन मास गुरुवार, 30 जुलाई से शुरू हो रहा है। सावन के आगमन के साथ ही जिले के शिवालयों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है। सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन होगा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से



फतेहाबाद। सावन मास को लेकर सजा श्री श्याम मंदिर। फोटो : हरिभूमि

शिवालय गूंज उठेंगे। श्रद्धालु गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा और आक के फूल अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है, लेकिन सावन के सोमवार का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दौरान श्रद्धा और विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना, व्रत और मंत्र जाप से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी कारण हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पूरे सावन मास में शिव आराधना और व्रत का संकल्प लेते हैं।

### पहले सावन सोमवार का विशेष महत्व

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सावन का पहला सोमवार अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करने के बाद स्वच्छ अथवा सफेद वस्त्र धारण करें। इसके बाद भगवान शिव का ध्यान करते हुए शिवलिंग पर गंगाजल, शुद्ध जल, दूध, दही, शहद और पंचामृत से अभिषेक करें। पूजा के दौरान बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, भस्म और सफेद चंदन अर्पित करना शुभ माना जाता है। इसके बाद धूप-दीप जलाकर शिव चालीसा, रुद्राष्टक और महामृत्युंजय मंत्र का पाठ करें। यदि संभव हो तो पूरे परिवार के साथ शिव मंदिर जाकर जलाभिषेक और आरती में शामिल होना विशेष फलदायी माना गया है।

### शिवलिंग का अभिषेक



श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त तक रहेगा। पूरे माह शिव मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनेक स्थानों पर रुद्राभिषेक, शिव महापुराण कथा, भजन संध्या और सामूहिक आरती का आयोजन होगा। वहीं कांवड़िए भी पवित्र नदियों से जल लाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली हैं।

### ओम नमः शिवाय मंत्र से मिलती है मानसिक शांति

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि सावन में ओम नमः शिवाय मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करना चाहिए। इसके साथ शिव चालीसा और रुद्राष्टक का नियमित पाठ करने से मन शांत रहता है और व्यक्ति का ध्यान भगवान शिव की भक्ति में एकाग्र होता है। उन्होंने कहा कि सावन केवल पूजा-पाठ का ही नहीं, बल्कि संयम, सात्विक जीवन और सकारात्मक विचारों को अपनाने का भी संदेश देता है। इस दौरान सात्विक भोजन करना, क्रोध से बचना और जरूरतमंदों की सेवा करना भी पुण्यदायी माना गया है।

### चार सोमवार पर विशेष संयोग

इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ेंगे।

पहला सावन सोमवार : 3 अगस्त
दूसरा सावन सोमवार : 10 अगस्त
तीसरा सावन सोमवार : 17 अगस्त
चौथा सावन सोमवार : 24 अगस्त

### सावन का धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। पौराणिक कथाओं में वर्णन मिलता है कि समुद्र मंथन के दौरान निकले विष का पान करने के बाद देवताओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर उनकी तपन शांत की थी। तभी से सावन में जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है।

## खबर संक्षेप

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** जिले क्षेत्र में एक महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता अपने परिजनों के साथ महिला थाना में पहुंची और दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई। पीड़िता ने बताया कि बीती 25 जुलाई को वह घर पर अकेली सो रही थी। इस दौरान घर की दीवार फांदकर आरोपी ने उनके घर में प्रवेश किया और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाने के उपरांत लीगल एडवाइजर एवं बयानों के आधार पर आरोपी चरणजीत सिंह खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नशे के खिलाफ कार्यक्रम की अंतिम तिथि कल तक

**सिरसा।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करने और स्वस्थ व सकारात्मक जीवन शैली अपनाने को प्रेरित करने के उद्देश्य से 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे द सिरसा स्कूल बरनाला रोड सिरसा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी माई भारत के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण 30 तक करवा सकते हैं। मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी धनपत ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। ताकि युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाई जा सके।

### बाइक सवार दो युवक हेरोइन सहित दबोचे

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने गांव कागदाना क्षेत्र से दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गांव कागदान से शाहपुरिया की तरफ जा रही थी। इसी दौरान शाहपुरिया नहर पुल के पास पहुंची तो सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई पुलिस को देखकर भागने का प्रायस किया। पीछा कर बाइक सवारों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 6 ग्राम 270 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान अनिल कुमार निवासी गांव रुपाणा बिश्नोईयां व रामनिवास निवासी गांव कागदाना के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# पैरेलल लाइसेंस के विरोध में बिजली कर्मचारी व इंजीनियर का प्रदर्शन आज

## कर्मचारी 11, 12 और 13 अगस्त को तीन दिन की पूर्ण हड़ताल करेंगे

**सरकार की निजीकरण और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन होगा तेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के संयुक्त संघर्ष मोर्चा फतेहाबाद की सर्कल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सर्कल सेक्रेट्री फतेहाबाद फकीर चंद सैनी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा कृषि वितरण निगम, स्मार्ट मीटर लागू करने तथा नूंह व गुरुग्राम सर्कल को निजी हाथों में सौंपने के फैसलों के विरोध में भावी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार की निजीकरण और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से तेज किया जाएगा। भूप सिंह भड़ोलांवाली व राजकुमार ने कहा कि 29 जुलाई को सर्कल ऑफिस फतेहाबाद पर विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और उपायुक्त फतेहाबाद के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 3, 4 और 5 अगस्त को फतेहाबाद तथा टोहाना एक्सइन कार्यालयों पर जोरदार



फतेहाबाद। बैठक में चर्चा करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 6, 7 और 8 अगस्त को जिले के सभी उपमंडल कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित होंगे। यदि सरकार ने समय रहते अपनी नीतियां वापस नहीं लीं, तो सभी बिजली कर्मचारी, इंजीनियर और उपभोक्ता एकजुट होकर 11, 12 और 13 अगस्त को तीन दिन की पूर्ण हड़ताल करेंगे। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि तीन दिवसीय हड़ताल के बाद भी सरकार का अड़ियल रवैया जारी रहा, तो भविष्य में इस आंदोलन को और अधिक तीखा और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर भूप सिंह भड़ोलांवाली, खुर्शीद, जगमिंदर, सुरेश कुमार, दीवान सिंह, रामनिवास, विजेंदर साहू, अनीश कुमार, दयानंद, राजकुमार, राजेश कुमार और प्रदीप कुमार सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।




फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते नगरपरिषद कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

### पंजाब में हुए लाठीचार्ज का फतेहाबाद में विरोध आज

**फतेहाबाद।** पंजाब में अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारियों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज को लेकर फतेहाबाद के नगरपरिषद कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त हो गया है। इस दमनकारी कार्रवाई के विरोध में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, इकाई फतेहाबाद की एक आवश्यक कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन की दमनकारी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंजाब के सफाई कर्मचारियों पर हुए अत्याचार के विरोध में 29 जुलाई बुधवार को फतेहाबाद शहर में विशाल विरोध प्रदर्शन निकाला जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेगा। बैठक में संघ के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे सफाई कर्मचारियों पर लाठियां बरसाना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। सरकारें संवाद के बजाय पुलिस बल के दम पर कर्मचारियों की आवाज को दबाना चाहती हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा का हर एक पालिका और सफाई कर्मचारी पंजाब के अपने साथी कर्मचारियों के साथ मुस्तैदी से खड़ा है। 29 जुलाई का प्रदर्शन सरकार को यह कड़ा संदेश देने का काम करेगा कि कर्मचारियों के उत्पीडन के खिलाफ एकजुट होकर ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। बैठक में इकाई प्रधान नरेश राणा ने शहर के सभी कर्मचारियों से 29 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन को ऐतिहासिक व सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में मंथन

**फतेहाबाद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र फतेहाबाद द्वारा 28वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन केंद्र पर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक, विस्तार शिक्षा डॉक्टर नरेश कौशिक ने की। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज इस बैठक में वर्चुअल मोड द्वारा सम्मिलित हुए। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य, वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। केंद्र के

### नौकरी मिली तो दिया इस्तीफा

**ओढां।** गांव पन्नीवाला मोटा निवासी रेखा रानी पंचायत समिति ओढ़ां के वार्ड नंबर 14 ने सरकारी नौकरी मिलने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पंचायत समिति सदस्य से अपना इस्तीफा 27 जुलाई 2026 को अमन कुमार मित्तल, कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति ओढ़ां को भेज दिया है। उन्होंने लिखा है कि उनका चयन जेबीटी (प्राथमिक अध्यापक), मेवात कैडर में हो गया है तथा उन्हें अपने नए पद पर कार्यभार ग्रहण करना है। अतः वे पंचायत समिति सदस्य पद से अपना स्वैच्छिक त्यागपत्र देती हैं।

### विद्यार्थियों ने लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर कक्षा पांचवीं जैसमीन द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली विचारों, प्रश्नोत्तरी, स्पेल चेक गतिविधि एवं प्रेरणादायी भाषण के माध्यम से संदेश दिया कि आज प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी हमारा आने वाला कल सुरक्षित होगा । रूजल व शिद्दत के मंच संचालन में आरव, कनिका व शाइन ने अपने सुविचारो के माध्यम से सभी को प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया।

### प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा तक आयोजित एक माह का इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसके गहलावत ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुसंधान, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### चाकू से हमले का चौथा आरोपी अंकित गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हत्या प्रयास के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने वारदात में शामिल चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अंकित पुत्र गुरपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 17, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 26 जून को गांव नंगल निवासी सुरजीत सिंह उर्फ सोनू ने पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया था कि वह किसी काम से रतिया बस स्टैंड से सरकारी अस्पताल की तरफ जा रहा था। जब वह अस्पताल के पास पहुंचा, तो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए साहिल, कृष्ण उर्फ पद्दी, अंकित और सोनू ने उसका रास्ता रोक लिया। शिकायत के अनुसार, अंकित और कृष्ण ने सुरजीत को कसकर पकड़ लिया इसी बीच साहिल ने जान से मारने की नीयत से उसके सीने के बाईं ओर चाकू से जोरदार वार कर दिया।

### नप के रिकॉर्ड की हो उच्च स्तरीय जांच : राजकुमार

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि सिरसा नगर परिषद में सफाई व्यवस्था के नाम पर बड़ा घपला हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। शर्मा ने मंगलवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि नगर परिषद द्वारा शहर के 32 वार्डों में 238 सफाई कर्मचारियों के कार्यरत होने का दावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। शर्मा ने कहा कि हकीकत में 150 कर्मचारी भी नियमित रूप से सफाई कार्य करते दिखाई नहीं देते। शर्मा ने कहा कि पारदर्शिता लाना चाहते हैं तो कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक की जाए।

### सड़क हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर बैठक

**फतेहाबाद।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन की बैठक का आयोजन गंगा होटल में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान सुखदेव कालापीला ने की। बैठक के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान करने और युवाओं को रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने जैसे अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

## पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना असंभव : फुटेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय प्राथमिक पाठशाला रेलवे कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने फलदार पौधों का रोपण किया। उन्होंने विद्यालय एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ, हरा भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही, डिस्पोजेबल सामग्री के न्यूनतम उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बर्तन बैंक स्थापित करने तथा इसके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल सामग्री के उपयोग को कम करने पर भी विचार विमर्श किया गया। डीईओ सुभाष फुटेला ने



बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए हरियाली को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे और शिक्षक ने पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई और उनके पूरी तरह बड़े होने तक संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की शपथ ली।

## मुख्य सड़क पर अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित, विभाग की कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

हिसार रोड स्थित पुराने टेलीफोन एक्सचेंज के सामने मॉडल टाउन जाने वाली मुख्य सड़क पर एक वेल्डिंग मिस्त्री द्वारा पिछले कई दिनों से सड़क पर ही पिकअप वाहन की बॉडी तैयार की जा रही है। सड़क के बीचोंबीच चल रहे इस कार्य के कारण मार्ग का बड़ा हिस्सा घिर गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति लगातार हादसों को भी न्योता दे रही है। मॉडल टाउन निवासी दिनेश कुमार, साहिल कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क पर पिकअप बॉडी रखे होने के कारण हिसार रोड से मॉडल टाउन की ओर मुड़ते समय सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। दृश्यता बाधित होने से यहां कई छोटे-बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक जिम्मेदार विभाग ने कोई प्रभावी



भूना। टेलीफोन एक्सचेंज के सामने सड़क पर पिकअप वाहन की बॉडी तैयार होने से मार्ग बना संकरा।

कार्रवाई नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में नगर पालिका अधिकारियों को शिकायत भी दी जा चुकी है, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी मौके से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उनका कहना है कि सार्वजनिक सड़क पर इस तरह वाहन की बॉडी तैयार करना नियमों के विपरीत है और इससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

### गीतों के माध्यम से दी मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि

**सिरसा।** न्यू सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप एवं जयदेव सहदेव जैन चैरीटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय युवक साहित्य सदन में महान गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर गीतों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयदेव सहदेव जैन चैरीटेबल ट्रस्ट के प्रधान मानकचंद जैन ने बताया कि उपस्थित कलाकारों ने रफी के अनेक गीत गाकर उनको याद किया। इनमें रफी तू बहुत याद आया, पुकारता चला हूं मैं गली गली बहार की, तेरे नाम का दीवाना तेरे घर को ढूंढता हूं, हुई शाम उनका ख्याल आ गया जैसे सदाबहार गीतों को गाकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। मुख्यातिथि भूपेश मेहता ने कहा कि रफी साहब ने लगभग सात हजार से भी ज्यादा गाने गाए और बीस से भी ज्यादा भारतीय भाषाओं में अपनी आवाज दी। हिन्दी फिल्मों के अलावा उन्होंने भोजपुरी, पंजाबी, मराठी, गुजराती, बंगाली, उर्दू गााने भी गाए। ललित जैन ने कहा कि रफी साहब बहुत सरल, धार्मिक और नेक दिल इंसान थे। वे हमेशा नए गायकों की मदद करते थे और आज भी उनकी आवाज ही घर में गूंजती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

### सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 स्विमिंग में ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत ओवरऑल चैंपियन

# आर्यन वीर खत्री और दर्श सिंह ने जीते पांच-पांच स्वर्ण पदक

*जीडी गोयनका झज्जर रही उपविजेता, जीसस सेक्रड हार्ट स्कूल लुधियाना ने तीसरा स्थान हासिल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एमएसजी भारतीय खेल गांव में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन-2 बालक वर्ग स्विमिंग चैंपियनशिप बुधवार को रंगारंग समापन समारोह के साथ संपन्न हो गई। अंडर-19 आयु वर्ग में ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत के आर्यन वीर खत्री और आईशर स्कूल,




सिरसा। विजेता रही टीम को सम्मानित करते सीटीएम। फोटो : हरिभूमि

फरीदाबाद के दर्श सिंह ने संयुक्त रूप से पांच-पांच स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट स्विमर का खिताब साझा किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रतिभाशाली तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जीडी गोयनका स्कूल, झज्जर की टीम उपविजेता रही, जबकि जीसस सेक्रेड हार्ट स्कूल, लुधियाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीटीएम अजय सिंह ने विजेता टीमों और विभिन्न स्पर्धाओं के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व सम्मान प्रदान किया। मुख्य अतिथि सीटीएम अजय सिंह ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हार और जीत दोनों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि हार कभी स्थायी नहीं होती और हर सफल व्यक्ति ने जीवन में किसी न किसी समय असफलता का सामना किया है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के भविष्य और जीवन दोनों को बर्बाद कर देता है तथा उसे गलत दिशा की ओर ले जाता है।

### इन खिलाड़ियों ने जीता बेस्ट स्विमर का खिताब

अंडर-19 आयु वर्ग में ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत के आर्यन वीर खत्री और आईशर स्कूल, फरीदाबाद के दर्श सिंह ने संयुक्त रूप से पांच-पांच स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट स्विमर का खिताब साझा किया। अंडर-17 वर्ग में जीसस सेक्रेड हार्ट स्कूल, लुधियाना के ओजस सूंड ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपने वर्ग का सर्वश्रेष्ठ तैराक बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-14 वर्ग में ब्राइट स्कॉलर स्कूल, सोनीपत के अनाव मलिक ने चार स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट स्विमर का सम्मान अपने नाम किया। अंडर-11 वर्ग में हॉली चिल्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर-29 के विराट ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ तैराक बनने का गौरव प्राप्त किया। चार दिनों तक चली इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और अनुशासन का परिचय दिया।